दिनांक 13 फरवरी 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक संपन्न, कई अहम मुद्दों पर की गई विस्तार से चर्चा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी कक्ष में आज महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास व अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , महापौर परिषद के सदस्य मालती ठाकुर, सीजू एंथोनी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, आदित्य सिंह, मीरा बंजारे, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान , नेहा साहू, रीता सिंह गेरा एवं चंद्रशेखर गवई की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सफाई के ठेके को लेकर विस्तार से चर्चा की गई , इसके साथ ही निगम के जल कार्य विभाग में कुशल, अर्ध कुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने, सेक्टर 5 बीएसएनल ऑफिस के बाजू में 10 लाख की लागत से शेड निर्माण कार्य व सेक्टर 5 सड़क 15 में सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य को लेकर एमआईसी सदस्यों ने महापौर की अध्यक्षता में चर्चा की। एमआईसी की बैठक में निगम के उपायुक्त नरेंद्र बंजारे , जोन आयुक्त राजेंद्र नायक , पूजा पिल्ले, अमिताभ शर्मा तथा खिरोद्र भोई आदि मौजूद रहे।